Regarding augmentation of railway services in Maharashtra-laid

श्री रामदास तडस (वर्धा): कुछ दिनों पहले नागपुर पूणे समृद्धी महामार्ग पर महाराष्ट्र में प्राइवेट बस के दुर्घटना होने पर 25 प्रवासियों का दुखद अंत हुआ था जिनमे से 14 प्रवासी वर्धा जिला के थे। ज्यादातर नौजवान एवं युवा थे, जो पुणे मे नौकरी, पढ़ाई के लिये प्रवास कर रहे थे, माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी सभी पीड़ित परिवारों को 2 लाख रुपये की सहायता केंद्र सरकार के माध्यम से घोषित की है। इस विषय पर सुझाव सदन के सामने रखना है। चूंकि रेल यात्रा पर जनता और हम सबका विश्वास हैं। 1. वर्धा से पुणे के बीच प्रतिदिन नई रेल सेवा प्रारंभ की जाए। 2. रेल सं.- 11040/11039 महाराष्ट्र एक्सप्रेस, रेल सं.- 12114/12113 गरीबरथ एक्स्प्रेस, रेल सं.- 22124/22123 अजनी-पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस, रेल सं.- 22140/22139 अजनी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस तथा रेल सं.- 12850/12849 बिलासपुर-पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस की क्षमता 24 डिब्बों तक बढ़ाना प्रवासी वर्ग के हित मे होगा। 3. हावडा से पुणे जानेवाली रेल सं.- 12222/12223 दुरोंतो एक्सप्रेस को वर्धा एवं बडनेरा मे ठहराव स्वीकृत किया जाय। 4. रेल सं.- 20822/20821 सांतरागाछी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस यह गाड़ी नागपुर से निकलने के बाद भुसावल मे ही ठहराव है। इस गाडी को वर्धा एवं बडनेरा में ठहराव स्वीकृत किया जाए, जिससे रेल विभाग एवं प्रवासी वर्ग को फायदा होगा। 5. नागपुर से हैदराबाद वन्दे भारत एक्प्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाय ।